# संचय
# SANCHAYA

रा ब सं
जनसेवा में 50 वर्षों से अधिक
NSI
Over 50 Years in Service of People

मासिक प्रकाशन | Monthly Publication

जून 2009 (अंक 190) | June 2009 (Issue 190)



श्री सोमनाथ चटर्जी, माननीय पूर्व लोकसभा अध्यक्ष गुवाहाटी में 11 मई 2009 को श्री आर.एन. मुखर्जी क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान, गुवाहाटी केन्द्र से 'संचय' प्राप्त करते हुये जो राष्ट्रीय बचत संस्थान के अल्प बचत क्रियाकलापों का दर्पण है।

## माननीय पूर्व लोकसभा अध्यक्ष द्वारा बचत संग्रह के लिए राष्ट्रीय बचत संस्थान की भूमिका की सराहना

श्री आर.एन. मुखर्जी, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान गुवाहाटी केन्द्र ने 11 मई 2009 को गुवाहाटी में माननीय पूर्व लोकसभा अध्यक्ष श्री सोमनाथ चटर्जी से मुलाकात की और असम एवं पूर्वोत्तर राज्यों में राष्ट्रीय बचत संस्थान गुवाहाटी केन्द्र द्वारा चलाई जा रही अल्प बचत गतिविधियों के बारे में जानकारी दी।

माननीय पूर्व लोकसभा अध्यक्ष के साथ अपनी बैठक के दौरान क्षेत्रीय निदेशक ने गुवाहाटी केन्द्र, जिसमें विभिन्न राज्य जैसे असम, अरुणाचल प्रदेश, मणीपूर, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, त्रिपुरा एवं सिक्किम का समावेश है, बताया कि वर्ष 2008-09 के दौरान सकल जमा 2050 करोड़ रुपये जमा किए जो वर्ष 2007-08 के दौरान सकल जमा से 35.38 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने यह भी सूचित किया कि ग्रामीण जनता के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने के उद्देश्य से स्वयं सहायता समूह की मदद से राष्ट्रीय बचत संस्थान ने ग्रामीण बचत अभियान का आयोजन किया जिससे कि राष्ट्रीय बचत संस्थान को 1.70 लाख नये खाता खोलने में सहायता हुई। उन्होंने अल्प बचत अभिकर्ताओं के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी जो बचत संग्रह के लिये निवेशकों एवं राष्ट्रीय बचत संस्थान के उत्पादों के बीच सेतु का काम करते।

श्री सोमनाथ चटर्जी, माननीय पूर्व लोकसभा अध्यक्ष ने असम एवं पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ाने और बचत संग्रह के लिये राष्ट्रीय बचत संस्थान की भूमिका की सराहना की।

राष्ट्रीय बचत संस्थान
NATIONAL SAVINGS INSTITUTE

http://nsiindia.gov.in.

राष्ट्रीय बचत संस्थान, सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स, सेमिनरी हिल्स, नागपुर National Savings Institute, CGO Complex, Seminary Hills, Nagpur




श्रीमती किरण वर्मा, अपर आयुक्त, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क लखनऊ, राष्ट्रीय बचत संस्थान क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ द्वारा आयोजित महिला दिवस के अवसर पर जनसमूह को संबोधित करते हुये। साथ ही (बायें से दाये) श्री कृष्ण मुरारी उपनिदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान श्री ए.के. चौहान, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान लखनऊ केन्द्र और श्रीमती बिना शर्मा वरिष्ठ महिला अभिकर्ता दिखाई दे रही है।


## राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर द्वारा नव-नियुक्त पदस्थ डाक निरीक्षकों के लिए कार्यशाला का आयोजन

राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर केन्द्र ने नवनियुक्त पदस्थ डाक निरीक्षकों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का डाक प्रशिक्षण केन्द्र मैसूर (बैंगलोर) में आयोजन किया जिसका उद्देश्य उत्पादों, नियमों, अधिनियमों और अभिकर्ता प्रणाली की पद्धतियों तथा बचत संग्रह में राष्ट्रीय बचत संस्थान की भूमिका के बारे में जानकारी प्रदान करना था। इस कार्यशाला का उद्घाटन श्री एम.जगदीश पै. उपनिदेशक, डाक प्रशिक्षण केन्द्र मैसूर ने किया।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री बी. राजूबाबू, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ), श्री प्रमोद दंडे एवं श्री जे.व्ही. जोरापूर सहायक निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर केन्द्र ने विभिन्न उत्पादों जैसे आवर्ती जमा और लोक भविष्य निधि, अभिकर्ता प्रणाली को केन्द्रीत कर प्रशिक्षण दिया और देश में धन एकत्रित करने के लिए राष्ट्रीय बचत संस्थान के द्वारा अपनाई जानेवाली नीतियों के बारे में भी बताया। कार्यशाला के अंत में प्रशिक्षणार्थीयों से उनका अभिमत लिया गया जिसमें उनका यह विचार था कि उनके कार्य निष्पादन में यह कार्यशाला काफी महत्वपूर्ण सहायक होगी। इस कार्यशाला में डाकघर के 22 डाक निरीक्षकों ने भाग लिया।




श्री बी.राजूबाबू, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर केन्द्र द्वारा डाक प्रशिक्षण केन्द्र मैसूर में नवनियुक्त डाक निरीक्षकों के लिए आयोजित कार्यशाला में प्रशिक्षणार्थी को संबोधित करते हुये। साथ ही श्री जगदीश पै उपनिदेशक, डाक प्रशिक्षण केन्द्र मैसूर (बाये) और श्री प्रमोद दंडे सहायक निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान बैंगलोर (दायें) भी दिखाई दे रहे है।




डा. (श्रीमती) रमा दास, माननीय चेअरपरसन, पश्चिम बंगाल महिला आयोग, राष्ट्रीय बचत संस्थान कोलकाता द्वारा महिला बचत दिवस के अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करती हुई। साथ ही (बायें से दायें) श्री अरविन्द बिस्वास, क्षेत्रीय निदेशक, श्री जमील असगर, क्षेत्रीय निदेशक (वरिष्ठ) राष्ट्रीय बचत संस्थान कोलकाता केन्द्र, श्री राकेश कुमार, निदेशक, डाक सेवा दक्षिण बंगाल प्रभाग और श्री ए.के. शाह, निदेशक, अल्प बचत एवं संयुक्त सचिव वित्त भी दिखाई दे रहे है।

## राष्ट्रीय बचत संस्थान जयपुर केन्द्र द्वारा पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

राष्ट्रीय बचत संस्थान जयपुर केन्द्र ने 11 जून 2009 को जयपुर में पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोक भविष्य निधि खाता और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना के उत्पादों की जानकारी प्रदान करना और बैंकों द्वारा उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट सेवा के लिए इनपुट प्रदान करना था।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन श्री वी.के. शर्मा, सहायक प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक, विभागीय कार्यालय जयपुर ने किया। अपने उद्घाटन संबोधन में उन्होंने पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों से अपील किया कि वे उपभोक्ताओं की अपेक्षाओं को पूरा करें जिससे की राष्ट्रीय बचत संस्थान के उत्पादों में अधिक धन राशि जमा की जा सके। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान उत्पाद सूचना, न्यूनतम शिकायतें धोखाधड़ी की रोकथाम इत्यादि बिन्दूओं पर मुख्य ध्यान केन्द्रीत कर प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में श्री एम.के. मलहोत्रा, क्षेत्रीय निदेशक, श्री अशोक कुमार सहायक निदेशक, राष्ट्रीय बचत संस्थान जयपुर केन्द्र ने प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षणार्थियों ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को बहुत उपयोगी बताया और इच्छा प्रकट की कि राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किये जाने चाहिए। इसमें कुल 39 अधिकारियों ने भाग लिया।




श्री एम.के. मलहोत्रा, क्षेत्रीय निदेशक राष्ट्रीय बचत संस्थान जयपुर केन्द्र द्वारा 11 जून 2009 को जयपुर में राष्ट्रीय बचत संस्थान द्वारा पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों के लिए आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों को संबोधित करते हुए दिखाई दे रहे है। साथ ही श्री डी.एस. शर्मा, प्रबन्धक (प्रशिक्षण) पंजाब नेशनल बैंक जयपुर भी दिखाई दे रहे है।

# अप्रैल 2009 के लिए अल्प बचत संग्रहण

(करोड रुपये)

| क्र. सं. | क्षेत्र / राज्य | सकल | शुद्ध | सकल | शुद्ध |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अप्रैल 2008 | | अप्रैल 2009 | |
| 1. | आंध्र प्रदेश | 809.45 | 9.29 | 927.86 | 19.55 |
| 2. | अरूणाचल प्रदेश | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 3. | असम | 67.54 | 0.35 | 42.87 | 4.02 |
| 4. | अंदमान निकोबार द्वीप | 1.91 | 0.10 | 2.68 | 0.50 |
| 5. | आर्मी पोस्ट ऑफीसेस | 20.21 | -246.16 | 34.33 | 2.05 |
| 6. | बिहार | 283.17 | 18.85 | 424.33 | 55.78 |
| 7. | झारखंड | 138.15 | -21.12 | 210.84 | 3.58 |
| 8. | चंडीगढ | 33.26 | -10.78 | 43.16 | -5.67 |
| 9. | दमण एवं दीव | 30.68 | 0.92 | 41.71 | 1.21 |
| 10. | दिल्ली | 386.30 | -107.48 | 541.87 | -40.01 |
| 11. | गोवा | 22.80 | -2.83 | 36.30 | -1.27 |
| 12. | गुजरात | 940.53 | -29.57 | 1254.41 | 30.41 |
| 13. | हरियाणा | 306.76 | -29.38 | 383.44 | -5.71 |
| 14. | हिमाचल प्रदेश | 154.79 | 8.96 | 215.25 | 11.85 |
| 15. | जम्मू व कश्मीर | 62.27 | 2.18 | 95.25 | -8.48 |
| 16. | कर्नाटक | 388.26 | -40.11 | 475.83 | -73.14 |
| 17. | केरल | 309.01 | -12.26 | 375.34 | -32.94 |
| 18. | लक्षद्वीप | 0.11 | -0.02 | 0.16 | 0.04 |
| 19. | मध्य प्रदेश | 284.74 | -33.28 | 378.31 | -51.04 |
| 20. | छत्तीसगढ | 101.22 | -20.06 | 142.70 | -24.33 |
| 21. | महाराष्ट्र | 945.89 | -51.55 | 1118.39 | -62.54 |
| 22. | मणिपुर | 5.06 | -2.78 | 0.00 | 0.00 |
| 23. | मेघालय | 13.91 | 1.95 | 1.65 | 0.19 |
| 24. | मिझोरम | 5.63 | -0.46 | 7.54 | 1.23 |
| 25. | नागालैंड | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 26. | उडीसा | 157.74 | 0.38 | 219.33 | 20.06 |
| 27. | पांडीचेरी | 7.32 | -3.03 | 10.17 | -1.70 |
| 28. | पंजाब | 518.93 | -101.36 | 663.12 | -10.87 |
| 29. | राजस्थान | 434.70 | -161.13 | 867.55 | -177.05 |
| 30. | सिक्कीम | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| 31. | तमिलनाडू | 596.93 | -142.07 | 745.33 | -135.11 |
| 32. | त्रिपूरा | 29.65 | -2.50 | 44.59 | 0.81 |
| 33. | उत्तर प्रदेश | 946.23 | -20.52 | 1361.82 | 20.85 |
| 34. | उत्तरांचल | 148.63 | 5.71 | 209.90 | 19.00 |
| 35. | पश्चिम बंगाल | 1011.04 | 128.61 | 1697.17 | 179.95 |
| | कुल | **9162.82** | **-861.15** | **12573.24** | **-258.77** |

टिप्पणी : डाक विभाग नई दिल्ली से प्राप्त आंकडे समायोजन के अधीन है। इन आंकडों में पी.पी.एफ. एवं एस सी एस एस (बैंक) संग्रह शामिल नहीं हैं।

SHIVRAJ (D.G.P.S.) NAGPUR